# वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय, कोटा
# बी. ए. द्वितीय वर्ष

विषय - हिन्दी

एच डी-04 (हिन्दी साहित्य का इतिहास)

**अवधि 3 घंटे** **अधिकतम अंक 70**

निर्देश : प्रश्न पत्र खण्ड अ, ब और स में विभाजित है। खण्ड 'अ' अतिलघूत्तरात्मक है, खण्ड 'ब' लघूत्तरात्मक एवं खण्ड 'स' में निबंधात्मक प्रश्न सम्मिलित हैं।

**प्रश्न बैंक**

## खण्ड-अ (अति लघूत्तरात्मक)

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए। अधिकतम शब्द सीमा 30 शब्द है।

1. काल विभाजन का प्रथम प्रयास साहित्येतिहास के किस लेखक ने किया ?
2. आदिकाल को संधि एवं चारण काल नाम किस इतिहास लेखक ने दिया ?
3. साहित्य का इतिहास 'जनता की संचित चित्तवृत्ति का प्रतिबिम्ब'होता है, किस इतिहास लेखक की अवधारणा है ?
4. रासो साहित्य की प्रकृति का निरूपण कीजिए ?
5. नाथ साहित्य का मूल संदेश क्या है ?
6. दोहा कोश के रचयिता का नाम लिखिए ?
7. चर्यापद किसकी रचना है ? लिखिए।
8. श्रावकाचार में किस विषय का वर्णन किया गया है?
9. 'आल्ह खण्ड' के नाम से किस वीर काव्य को जाना जाता है ?
10. श्रृंगारिक रासों काव्य के रूप में किस ग्रंथ को प्रमुखता के साथ रखा जाता है ?
11. संदेश रासक में किसकी हृदय दशा का वर्णन किया गया है ?

12. अमीर खुसरों की रचनाओं में किस बोली का प्रमुखता से प्रयोग किया गया है ?

13. ''मध्यकाल की भक्ति रचनाएं विशेषतः संत काव्य भारतीय चिंताधारा का स्वाभाविक विकास है'किस आचार्य का मत है ?

14. "लेकिन मैं जोर देकर कहना चाहता हूँ कि इस्लाम नहीं भी आया होता तो भी इस साहित्य को बारह आना वैसा ही होता जैसा आज है।"'किस आचार्य का मत है ?

15. 'दूसरी परम्परा की खोज'पुस्तक किस आलोचक की है ?

16. भक्ति का अर्थ निरूपित कीजिए ?

17. महाराष्ट्र के संत कवि का नाम लिखिए ?

18. जायसी की प्रमुख रचनाओं का उल्लेख कीजिए ?

19. वर्णमाला को लेकर किस ग्रंथ में विचार किया गया है ?

20. मधुमालती के रचनाकार है ?

21. पुष्टि मार्ग के प्रवर्तक हैं ?

22. पुष्टिमार्ग में दीक्षित हिन्दी कवि का नाम लिखिए तथा उनकी दो रचनाओं का उल्लेख कीजिए।

23. भक्त कवि मीरा की मूल संवेदना लिखिए ?

24. सिर्फ कृष्णप्रेम को आधार बनाकर किस कवि ने रचना किया।

25. 'विनयपत्रिका'किसकी पत्रिका है और किसके लिए लिखी गई है ?

26. किसानों की आर्थिक दशा का मध्यकाल में सबसे अधिक वर्णन किस कवि ने किया ?

27. रीतिकाल का समय निर्धारित किया गया है ?

28. रीतिकाल का कवि किस प्रकृति का था ?

29. रीति का अर्थ बताइये ?

30. केशवदास किस दरबार में रहते थे ?

31. रीतिकाव्य का पहला काव्य ग्रंथ कौनसा हैं ?

32. नायिकाभेद सम्बन्धी दो गं्रथों का उल्लेख कीजिए ?

33. रीतिकाल में वीर रस के महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कवि का नाम और उसकी रचना का नाम लिखिए ?

34. बिहारी ने किस दोहे से जयपुर के राजदरबार में अपना प्रभाव जमाया ?
35. 'प्रेम की पीर' को लेकर किस कवि की वाणी का प्रार्दुभाव हुआ ?
36. घनानंद को पढ़ने की शर्त उनके संग्रह कर्ता ने क्या रखी है ?
37. रीतिकाल के किस कवि ने नीति और आचरण की कुण्डलियाँ लिखी ?
38. आधुनिकता की पहचान क्या है ? स्पष्ट कीजिए।
39. भारतेन्दु द्वारा सम्पादित दो पत्रिकाओं का नाम लिखिए।
40. प्रताप नारायण मिश्र द्वारा सम्पादित पत्र का नाम लिखिए तथा यह बतायें कि वह पत्र कहाँ से निकलता था ?
41. हिन्दी आलोंचना की शुरूआत किस निबंध से पानी जाती है ?
42. खड़ी बोली हिन्दी का प्रथम महाकाव्य किस कवि ने रचा ?
43. डॉ. नगेन्द्र ने 'छायावाद' को किस रूप में परिभाषित किया ?
44. 'प्रथम रश्मि का आना रंगणि तूने कैसे पहचाना' पंक्ति किस कवि की है ?
45. 'चाँद का मुँह टेढ़ा है' रचना किस कवि की है ?
46. अज्ञेय को किस संग्रह पर ज्ञानपीठ पुरस्कार मिला था ?
47. द्वितीय विश्वयुद्ध की असारता पर लिखे गये युद्ध सम्वन्धी दिनकर के ग्रंथ का नाम लिखिए।
48. अंधायुग किसकी रचना है ?
49. व्यक्ति स्वातंत्र्य की खोज किस उपन्यास में की गयी है ?
50. हिन्दी के दो आंचलिक उपन्यास का नाम लिखिए।
51. नई कविता का आरम्भ माना जाता है ?
52. नई कविता के दो प्रमुख कवियों के नाम लिखिए ?
53. आत्मजयी के रचनाकार हैं ?
54. मेरा दिल ढ़िबरी सा टिमटिमा रहा है ? पंक्ति किस कवि की है ?
55. आज से 100 साल पहले हिन्दी की कौंन सी चर्चित कहानी प्रकाशित हुई जो आज भी उतनी ही लोकप्रिय व प्राणवान है ?
56. किस एक पत्रिका ने "स्त्री विमर्श" और "दलित विमर्श" को साहित्य के केन्द्र में लाने का काम किया ?
57. हजारी प्रसाद द्विवेदी के निबंधों कीं प्रमुख विशेषता क्या है ?

58. 'कामायनी एक पुनर्विचार'पुस्तक किस कवि आलोचक की है ?

59. 'वाद-विवाद-संवाद 'पुस्तक के लेखक है ?

60. उर्वशी किसकी रचना है ?

## खण्ड-ब (लघूत्तरात्मक)

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर अधिकतम् 200 शब्दों में लिखिए ।

1. आदिकाल की परिस्थितियों का निरूपण कीजिए।
2. वीरगाथात्मक रासो काव्य पर टिप्पणी लिखिए।
3. नाथ साहित्य की विशेषता का निरूपण किजिए।
4. आदिकालीन लौकिक साहित्य पर टिप्पणी लिखिए।
5. आदिकालीन साहित्य की मूल प्रवृत्तियों पर प्रकाश डालिए।
6. भक्ति कविता से क्या अभिप्राय है ?
7. निर्गुण और सगुण में मूल अंतर क्या है ? स्पष्ट कीजिए।
8. अपरछाप पर टिप्पणी लिखिए।
9. संतकाव्य की परम्परा में कबीर के महत्व पर प्रकाश डालिए।
10. सूफी कवि जायसी की प्रेम साधना पर प्रकाश डालिए।
11. कृष्णभक्ति शाखा में सूर का महत्व निरूपित कीजिए।
12. संत काव्यधारा की विशेषता बतलाइये।
13. प्रमुख सूफी कवियों का परिचय दीजिए।
14. भ्रमरगीत परम्परा को स्पष्ट कीजिए।
15. रामभाक्ति शाखा पर टिप्पणी लिखिए।
16. तुलसीदास के समन्यवयवाद पर प्रकाश डालिए।
17. भक्ति आन्दोलन पर एक टिप्पणी लिखिए।
18. मीरा की भक्तिभावना पर एक प्रकाश डालिए।
19. रीतिबद्ध कविता की मूल विशेषता स्पष्ट किजिए।
20. रीति का अर्थ निरूपित करते हुए रीतिकाल की विशेषताओं का वर्णन कीजिए।
21. रीतिसिद्ध कवि विहारी का परिचय दीजिए।
22. रीतिमुक्त कविता की विशेषता रूपित कीजिए।
23. रीतिकविता की गौण प्रवृत्तियों का विवेचन कीजिए।

24. रीतिकालीन कविता पर विचार करते हुए स्पष्ट कीजिए कि रीतिकविता बाजार की प्रतिनिधि कविता है ?

25. 'दरबारी मनोवृत्ति'पर एक टिप्पणी लिखिए।

26. आधुनिकता की पहचान क्या है स्पष्ट कीजिए।

27. हिन्दी गद्य के निर्माण में राजशिवप्रसाद सितारे हिन्द तथा राजा लक्ष्मण सिंह के योगदान पर टिप्पणी कीजिए।

28. भारतेन्दूयुगीन नाटक और निबंध विधा के लिए जाना जाता है। स्पष्ट किजिए।

29. भारतेन्दूयुगीन राष्ट्रीय चेतना पर प्रकाश डालिए।

30. महावीर प्रसाद द्विवेदी के योगदान पर प्रकाश डालिए।

31. 'सरस्वती'पत्रिका के महत्व पर प्रकाश डालिए।

32. द्विवेदी युग स्त्री चेतना व समाज सुधार की दिशा में अभिनव नवाचार के लिए चर्चा में है। स्पष्ट किजिए।

33. मैथिलीशरण गुप्त की राष्ट्रीय चेतना पर प्रकाश डालिए।

34. छायावाद राष्ट्रीय चेतना की अन्तःशक्ति का काव्य आन्दोलन है। स्पष्ट कीजिए।

35. छायावाद और प्रसाद पर टिप्पणी लिखिए।

36. निराला छायावाद के प्रतिनिधि कवि हैं ? स्पष्ट कीजिए।

37. छायावाद में महादेवी वर्मा का स्थान निर्धारित कीजिए।

38. प्रगतिवाद साहित्यिक आन्दोलन के साथ-साथ एक दृष्टि है ? स्पष्ट कीजिए।

39. प्रगतिवाद का मूल आधार क्या है ? स्पष्ट किजिए।

40. प्रयोगवाद की विशेषताओं का निरूपण कीजिए।

41. प्रगति और प्रयोग पर एक संक्षिप्त लेख लिखिए।

42. नई कविता आधुनिक मनुष्य की पहचान को रेखांकित करती है ? स्पष्ट कीजिए।

43. नई कविता की विशेषताओं को समझाइये।

44. नवगीत पर एक टिप्पणी लिखिए।

45. आंचलिक उपन्यास से आप क्या समझते हैं ?

46. समकालीन कविता से क्या अभिप्राय है ?

47. सचेतना कहानी से क्या समझाते हैं ?

48. नई कहानी पर टिप्पणी लिखिए ?

49. हिन्दी कथा सम्राट प्रेमचंद्र पर एक संक्षिप्त लेख लिखिए।

50. आचार्य शुक्ल के निबंधकार व्यक्तित्व पर प्रकाश डालिए।

51. 'दूसरी परम्परा की खोज'पर टिप्पणी कीजिए।

52. 'शेखर एक जीवनी' उपन्यास हिन्दी कथा साहित्य में बड़े परिवर्तन का सूचक है। स्पष्ट कीजिए।

53. आलोचना का अर्थ एवं महत्व उद्घाटित कीजिए।

54. भक्ति आन्दोलन की व्यारव्या में आचार्य शुक्ल एवं आचार्य द्विवेदी के मत की समीक्षा कीजिए।

55. रेडियो नाटक पर एक टिप्पणी कीजिए।

56. संकलनत्रय से क्या समझते है ?

57. संस्मरण पर टिप्पणी लिखिए।

58. यात्रा वं◌ृतान्त पर टिप्पणी लिखिए।

## खण्ड स ( निबंधात्मक )

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर अधिकतम 500 शब्दों में लिखिए।

1. रासों शब्द की व्युत्पत्ति बतलाते हुए 'पृथ्वीराजरासो' की प्रमाणिकता पर विचार कीजिए।

2. आदिकाल के नामकरण पर विचार करते हुए आदि काल की मूल विशेषताओं को निरूपित कीजिए।

3. सिद्ध और नाथ साहित्य की विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।

4. आदिकाल की उपलब्धियों पर एक लेख लिखिए।

5. भक्ति क्या है ? परिभाषित करते हुए स्पष्ट कीजिए कि भक्ति आन्दोलन हिन्दी क्षैत्र में मानवतावाद का सबसे तेजस्वी आन्दोलन है ?

6. कृष्णभक्ति आन्दोलन के परिप्रेक्ष्य में महाकवि सूर की महिमा पर प्रकाश डालिए।

7. भक्ति कविता में मीरा का स्वर विशिष्ट है। स्पष्ट कीजिए।

8. रीति का अर्थ निरूपति करते हुए रीतिकाल की विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।

9. रीतिमुक्त कविता की मूल विशेषताओं को निरूपति कीजिए।

10. आधुनिकता क्या है। परिभाषित करते हुए आधुनिक कविता की पृष्टभूमि पर प्रकाश डालिए।

11. भारतेन्दु युगीन कविता राष्ट्रप्रेम व जागरण की कविता है। स्पष्ट कीजिए।

12. छायावाद की मूल विशेषताओं को उद्घाटित करते हुए प्रसाद के योगदान की चर्चा कीजिए।

13. जयशंकर प्रसाद छायावाद के परिप्रेक्ष्य में सबसे अधिक संस्कृति व सांस्कृतिक विरासत के गायक कवि हैं। स्पष्ट कीजिए।

14. निराला क्रान्तिकारी चेतना के कवि है स्पष्ट कीजिए।

15. कथा सम्राट प्रेमचंद्र का 'गोदान' किसानी जीवन का संदर्भ ग्रंथ है। विचार कीजिए।

16. अज्ञेय का 'शेखर एक जीवनी' विद्रोही चेतना का महाआख्यान है। स्पष्ट कीजिए।

17. नई कविता का अर्थ व स्वरूप परिभाषित कीजिए।

18. हिन्दी नाटक व रंगमंच पर एक लेख लिखिए।

19. आंचलिकता से क्या अभिप्राय है ? फणीश्वर नाथ रेणु के उपन्यास 'मैला आंचल'पर प्रकाश डालिए।

20. कहानीकार अमरकान्त की कहानी दोपहर का भोजन पर एक टिप्प्पणी लिखिए।

21. नई कहानी की प्रकृति पर एक लेख लिखिए।

22. हिन्दी आलोचना में आचार्य शुक्ल के योगदान पर प्रकाश डालिए।

23. एकांकी और नाटक में अन्तर को निरूपित कीजिए।

24. समकालीन कविता पर एक लेख लिखिए।

खण्ड अ के उत्तर

1. जार्ज गियर्सन
2. राम कुमार वर्मा

3. आचार्य रामचंद्र शुक्ल

4. रासो साहित्य की प्रकृति वीर गाथात्मक थी।

5. नाथ साहित्य का मूल संदेश आत्म की शुद्धि व आचरण की शुद्धि से है।

6. सरहपा (सिद्ध कवि)

7. सरहपा के शिष्य शबरपा थे

8. श्रावकाचार जैन कवि देवसेन की 933 ई. की रचना है, इसका प्रधान विषय गृहस्थ जीवन के आचार विचार है।

9. जगनिक की रचना 'परमाल रासो' को आल्ह खण्ड के नाम से जाना जाता है जो एक युद्ध काव्य है।

10. अब्दुल रहमाण के संदेश रासक को रखा जाता है। इस गं्रथ में नायिका राहगीर से पति को संदेश भेजता है।

11. संदेश रासक में प्रकृति के बदलते चक्र के अनुसार विरहणी नायिका के उपर पड़ने वाले प्रभाव का वर्णन किया गया है।

12. खड़ी बोली का।

13. आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी 'हिन्दी साहित्य की भूमिका में' भक्ति की व्याख्या के संदर्भ में।

14. आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी

15. नामवर सिंह

16. भक्ति ईश्वर के प्रति आत्मसमर्पण व सहज साधना से प्राप्त आत्मसमर्पण व सहज साधना से प्राप्त होती है।

17. नामदेव

18. जायसी ने तीन रचनाएँ - पद्मावत्, आखरावट तथा आखिरी कलाम लिखी।

19. अखरावट में

20. मंझन

21. बल्लभाचार्य

22. सूरदास - 'सूर सागर' तथा 'सूर सारावली'

23. भक्त कवि मीरा ने प्रेम विरह और पीड़ा (नारी मन) से मध्यकाल में स्त्री के मन व स्वतंत्रता की आकाक्षा को अभिव्यक्त किया गया।

24. रसखान
25. तुलसीदास ने आम आदमी की पीड़ा का वर्णन राम से किया है।
26. मध्यकाल की आर्थिक दशा का सबसे गहरा विवेचन तुलसीदास करते हैं।
27. रीतिकाल का समय संवत् 1700 से 1900 संवत तक है।
28. दरबारी मनोवृत्ति का।
29. रीति का अर्थ विशिष्ट पद-रचना रीति से है।
30. केशवदास ओरद्दा नरेश महाराज इंद्रजीत की राजसभा में रहते थे।
31. रीतिकाव्य का पहला ग्रंथ कृपाराम की 'हिततरंगणि' है।
32. रीतिकालीन रहीम के बैरवे नायिका भेद तथा नंददास का रसभंजरी।
33. भूषण-शिवराज भूषण, शिवा बावनी, छत्रसाल दशक।
34. नहि पराग नंहि मधुर मधु नहि विकास एंहि काल।
    अलि कलि ही सो वंध्यो आगे कौन हवाल।।
35. घनानंद
36. हृदय की आँख से जिसने प्रेम को देखा है वही घनानंद को पढ़ सकता है।
37. कवि गिरधर कविराय
38. आधुनिकता एक मूल्यबोधी प्रत्यय है।
39. कवि वचन सुधा, हरिश्चंद्र मैगजीन।
40. ब्राह्मण कानपुर से निकलता था।
41. भारतेन्दु लिखित निबंध 'नाटक' से।
42. अयोध्या सिंह उपाध्याय हरिऔध।
43. स्थूलं के प्रति सूक्ष्म का विद्रोह।
44. सुमित्रा नंदन पंत
45. मुक्तिबोध।
46. 'कितनी नावों में कितनी बार'
47. कुरूक्षेत्र
48. धर्मवीर भारती
49. शेखर एक जीवनी

50. मैला आंचल, मुर्दाघर
51. 1951 नई कविता व प्रतीक से।
52. अज्ञेय, मुक्तिबोध
53. कुवर नारायण
54. मुक्तिबोध
55. चंद्रधर शर्मा गुलेरी - उसने कहा था 1915 से प्रकाशित हुई थी।
56. हंस - राजेन्द्र यादव द्वारा सम्पादित
57. व्यक्तितत्व व्यंजकता
58. मुक्तिबोध
59. नामवर सिंह
60. रामधारी सिंह दिनकर